## मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने मतदान दल हुए रवाना : 11 फरवरी को प्रात: 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

# रायगढ़ जिले के नगरीय निकायों में बनाए गए 265 मतदान केंद्र









रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिले के नगरीय निकायों में 11 फरवरी 2025 को मतदान होना है। जिसके लिए आज मतदान दल अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि राही, एडशिनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन समीर बड़ा सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

रायगढ़ जिले के 7 नगरीय निकायों में 11 फरवरी 2025 को प्रात: 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होना है। जिसके लिए मतदान दल आज स्ट्रांग पहुंच कर मतदान सामग्री प्राप्त करने पश्चात आज अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। मतदान के लिए रायगढ़ नगर निगम में 172 मतदान केंद्र बनाए है। इसी प्रकार खरसिया नगर पालिका परिषद में 18, घरघोड़ा, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पुसौर एवं किरोड़ीमल नगर पंचायत में 15-15 मतदान केंद्र बनाए गए है। इस तरह कुल 265 मतदान केंद्रों में ईवीएम के माध्यम से नगरीय निकायों में मतदान संपन्न होगा। जिसके लिए जिले में 606 सीयू तथा 954 बीयू उपलब्ध है। नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं समस्त नगर पंचायत के कुल 141 वार्डों के 265 मतदान केन्द्रों के लिए 265 सीयू तथा 286 बीयू की आवश्यकता है। साथ ही रिजर्व सहित 584 सीयू एवं 655 बीयू उपलब्ध करवाया गया है। नगर निगम रायगढ़ के 6 वार्डो में जिसमें वार्ड क्रमांक 24, 25, 36, 40, 42 एवं 47 में पार्षद पद के अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण एक से अधिक बीयू का इस्तेमाल किया जाएगा।

### नगरीय निकाय अंतर्गत 141 वार्डों में 01 लाख 95 हजार 371 मतदाता

जिले के नगरीय निकाय हेतु कुल 141 वार्डों में अंतिम निर्वाचकों की कुल संख्या 01 लाख 95 हजार 371 मतदाता है। जिसमें पुरूष-97 हजार 655, महिला-97 हजार 686 एवं 20-अन्य मतदाता शामिल है। जिसमें नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत सभी 48 वार्ड में कुल मतदाता-01 लाख 40 हजार 884 है, जिसमें पुरूष 70 हजार 399, महिला-70 हजार 468 एवं अन्य-17 शामिल है। इसी तरह नगर पालिका परिषद खरसिया अंतर्गत सभी 18 वार्ड में कुल मतदाता-15 हजार 608 है, जिसमें पुरूष-7 हजार 742, महिला-7 हजार 866 है। नगर पंचायत पुसौर अंतर्गत सभी 15 वार्ड में कुल मतदाता-4 हजार 207 है, जिसमें पुरूष-2 हजार 38 एवं महिला-2 हजार 169 है। नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर अंतर्गत सभी 15 वार्ड में कुल मतदाता 9 हजार 640 है, जिसमें पुरूष-5 हजार 353, महिला-4 हजार 284 एवं 3 अन्य शामिल है। नगर पंचायत घरघोड़ा अंतर्गत सभी 15 वार्ड में कुल मतदाता 7 हजार 136 है, जिसमें पुरूष-3 हजार 441, महिला-3 हजार 695 है। नगर पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत सभी 15 वार्ड में कुल मतदाता 11 हजार 536 है, जिसमें पुरूष-5 हजार 615, महिला-5 हजार 921 है। नगर पंचायत लैलूंगा अंतर्गत सभी 15 वार्ड में कुल मतदाता 6 हजार 360 है, जिसमें पुरूष-3 हजार 77 एवं महिला 3 हजार 283 है।

# चुनई मड़वा और ट्राइबल थीम पर बने आदर्श मतदान केंद्र रहेंगे आकर्षण के केंद्र

- राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने चुनई मड़वा थीम को सराहा
- शहर में बनाए गए तीन आदर्श मतदान केंद्र




रायगढ़

नगरीय निकायों के लिए 11 फरवरी को मतदान होने जा रहे हैं। मतदान पूर्व तैयारियों की समीक्षा करने रायगढ़ पहुंचे राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह द्वारा आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल, जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा सतीगुड़ी चौक स्थित इंदिरा गांधी स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने यहां छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वैवाहिक मंडप मड़वा की थीम पर बनाई गई चुनई मड़वा आदर्श मतदान केंद्र की प्रशंसा की।

शहर में नगरीय निकाय चुनाव के लिए 172 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें सतीगुड़ी चौक स्थित इंदिरा गांधी स्कूल को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वैवाहिक मंडप मड़वा की थीम पर बनाई गई है और इसे चुनई मड़वा का नाम दिया गया है। यहां पर टेंट में पर्रा लगाने के साथ लटकन वाले टेंट लगाए गए हैं, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसी तरह बाल विद्या मंदिर को आदिवासी परंपरा के अनुरूप थीम दिया गया है। यहां पैरा, झाड़ू आदि से गेट बनाए गए हैं एवं जैसे आदिवासी परंपरा में पंडाल लगाए जाते हैं, वैसे ही पंडाल लगाकर आदिवासी परंपरा को दर्शाया गया है। इसी तरह जगदेव पाठशाला को भी सामान्य आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है, यहां भी छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभूषा को दर्शाया गया है। इस तरह तीनों आदर्श मतदान केंद्रों को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा मान्यताएं पर आधारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह द्वारा आज इंदिरा गांधी स्कूल आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। यहां छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वैवाहिक मंडप मड़वा को देखकर उन्होंने इसकी खूब प्रशंसा की और जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के कार्यों की सराहना की।

## स्ट्रांग रूम की निगरानी हेतु लगाए गए है सीसी कैमरा

### मतगणना तक राजनीतिक दल स्वयं अथवा नियुक्त प्रतिनिधि कर सकते है निगरानी

**रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 हेतु किरोड़ीमल इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालॉजी (केआईटी)रायगढ़ में स्थित स्ट्रांग रूम में मतदान समाप्ति के पश्चात 11 फरवरी 2025 को ईवीएम को स्ट्रांग रूम में वापस रखा जाकर स्ट्रांग रूम को सील बंद किया जाना है। स्ट्रांग रूम की निगरानी हेतु सीसी कैमरा एवं सुरक्षा बल तैनात किया गया है। मतगणना 15 फरवरी तक स्ट्रांग की निगरानी हेतु राजनीतिक दल स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि नियुक्त कर स्ट्रांग रूम की निगरानी कर सकते है।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने जिले में मतदान व मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

- जिले में सुचारू व शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने की है पूरी तैयारी- राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह
- राज्य निर्वाचन आयोग की टीम मतदान पूर्व तैयारियों की समीक्षा करने पहुंची रायगढ़
- चुनई मड़वा के थीम पर बने आदर्श मतदान केन्द्र का भी किया निरीक्षण, मतदाता जागरुकता के प्रयासों की सराहना की







रायगढ़

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह आज रायगढ़ जिले में प्रवास के दौरान कहा कि नगरीय निकायों में निर्वाचन का कार्य सुचारू एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। मतदान सामग्री वितरण के साथ सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। मतगणना को लेकर भी तैयारियां पूरी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह आज रायगढ़ में मतदान पूर्व तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान प्रेक्षक श्री.के.डी.कुंजाम, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, नोडल अधिकारी पुलिस ओ.पी.पाल, सचिव राज्य निर्वाचन आयोग सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने केआईटी परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने आज हुए सामग्री वितरण के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने बताया कि केआईटी परिसर से रायगढ़ नगर निगम के 48 वार्डों के लिए बनाए गए 172 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दल को सामग्री वितरित की गई। इसी प्रकार अन्य नगरीय निकाय के मुख्यालयों से रिटर्निंग ऑफिसर्स के द्वारा सामग्री वितरित की गई। जिले में कुल 265 मतदान केंद्रों के लिए सामग्री वितरित की गई है।

आयुक्त सिंह ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर मतदान के पश्चात ईवीएम के रखे जाने के बारे में जानकारी ली। काउंटिंग हाल का निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों का अवलोकन किया। स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक वार्डवार ईवीएम ले जाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने बताया कि 3 मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। हर कक्ष में 16 वार्डों की मतगणना होगी। इसके लिए स्ट्रांग रूम से बैरिकेडिंग कर 3 पाथवे बनाए गए हैं। जिससे संबंधित वार्ड के ईवीएम उस वार्ड के मतगणना कक्ष तक सीधे पहुंच सके। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी से लगातार इसकी निगरानी होगी। आयुक्त सिंह ने मतगणना कक्ष में काउंटिंग एजेंट के प्रवेश, अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश के साथ सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने बताया कि काउंटिंग एजेंट्स के लिए प्रवेश की अलग व्यवस्था बनाई है। अधिकारी-कर्मचारी मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। आयुक्त सिंह ने सीसीटीवी मॉनिटरिंग कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जिले में हुई तैयारियों को लेकर संतोष जताया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया अच्छे से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर रवि राही, सीएसपी आकाश शुक्ला, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**चुनई मड़वा के थीम पर बने आदर्श मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर की सराहना**

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने रायगढ़ प्रवास के दौरान मतदान केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रायगढ़ शहर के सत्तीगुड़ी चौक में चुनई मड़वा के थीम पर तैयार किए गए आदर्श मतदान केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने मतदाता जागरूकता के तहत किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मतदान केन्द्रों से मतदाताओं के बीच मतदान को लेकर आकर्षण व उत्साह बना रहता है। उन्होंने जिले में सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने बताया कि मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए पेयजल, ओआरएस सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए है। राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान दल से भी मुलाकात की तथा अच्छे से चुनाव संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी।

# रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के 28 अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी




रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत फर्जी दावों पर सख्त कार्रवाई करते हुए रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के 28 अस्पतालों का निरीक्षण किया। जांच के बाद 15 अस्पतालों का पंजीयन एक वर्ष के लिए निरस्त कर दिया गया, जबकि 4 अस्पतालों को 6 माह के लिए, 4 को 3 माह के लिए निलंबित किया गया और 5 अस्पतालों को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट समय-समय पर फर्जी दावों की पहचान कर ट्रिगर भेजती रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन ने विस्तृत परीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद राज्य नोडल एजेंसी ने संदिग्ध अस्पतालों की पहचान कर राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की विशेष बैठक बुलाई। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें डॉक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने प्रत्येक दिन दो अस्पतालों की गहन भौतिक जांच की। निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं के प्रमाण पाए जाने पर सभी 28 अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और जवाब देने के लिए पर्याप्त समय दिया गया। अस्पतालों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं पाए गए, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

# ब्लींकिट के 3 गोदामों पर पुलिस की बड़ी कार्यवाई, करोड़ों के उपकरण जब्त

रायपुर । आरएनएस




ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी ब्लींकिट के तीन गोदामों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामग्री और करोड़ों रुपये के उपकरण जब्त किए हैं। यह कार्रवाई लगातार मिल रही शिकायतों के बाद की गई, जिसमें आरोप लगाए गए थे कि कंपनी प्रतिबंधित सामग्री की ऑनलाइन डिलीवरी कर रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर रायपुर क्राइम ब्रांच की टीम ने थाना सिविल लाइन, तेलीबांधा और देवेंद्र नगर स्थित ब्लींकिट के तीन गोदामों पर छापेमारी की। इस दौरान करीब 5 लाख रुपये मूल्य की हुक्का सामग्री, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, बारकोड स्टिकर मशीन, ऑर्डर डिवाइस, मोबाइल फोन और एक टाटा 407 वाहन सहित कुल 15 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। पुलिस ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्यिक उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 और संशोधन अधिनियम 2023 के तहत मामला दर्ज किया है।

इसके साथ ही 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें कंपनी के कर्मचारी और वाहन चालक शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में ये है शामिल- लोकेश सागर 29 वर्ष निवासी सेक्टर 03, देवेंद्र नगर, विवेक मांझी 25 वर्ष निवासी पंडरी, जयदीप मिश्रा 32 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती, प्रमोद कुमार साहू 36 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड, नेतराम ढीढी 28 वर्ष निवासी पुराना राजेंद्र नगर, आदित्य चौहान 27 वर्ष निवासी लक्ष्मी नगर, रहमतुल्ला शेख 43 वर्ष निवासी नागपुर (वाहन चालक), लोकेश्वर साहू 30 वर्ष निवासी हीरापुर व दयाशंकर बंजारे 20 वर्ष निवासी लोधीपारा है। पुलिस का कहना है कि कंपनी ऑनलाइन ऑर्डर के जरिए प्रतिबंधित सामग्री की डिलीवरी कर रही थी। इस मामले में और जांच जारी है और संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शहीद जवान वसित कुमार रावटे के पार्थिव शरीर को नम आँखों से श्रद्धांजलि



- बीजापुर जिले में हुए नक्सल मुठभेड़ में हुए थे शहीद
- कलेक्टर, एसपी, जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि

बालोद । आरएनएस

बीजापुर जिले के राष्ट्रीय उद्यान के वन क्षेत्र में विगत 09 फरवरी को डीआरजी, एसटीएफ व बस्तर फाईटर की संयुक्त टीम और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में बालोद जिले के शहीद जवान वसित कुमार रावटे के पार्थिव शरीर को आज बालोद हेलीपेड में नम आँखों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिले के डौण्डी विकासखण्ड के फागुनदाह के निवासी वसित कुमार रावटे एसटीएफ में आरक्षक के पद पर बीजापुर जिले में पदस्थ थे।

उनका पार्थिव शरीर बालोद स्थित हेलीपेड पहुंचा। जहाँ कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एस आर भगत सहित जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिसके पश्चात् उनके पार्थिव शरीर के वाहन को गृह ग्राम फागुनदाह रवाना किया गया। ग्राम फागुनदाह में वीर जवान वसित कुमार रावटे के पार्थिव शरीर का आगमन होते ही उनके परिजनों सहित पूरा गांव उन्हें विदाई देने उमड़ पड़ा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480